भारत सरकार /GOVERNMENT OF INDIA
रेलमंत्रालय/ MINISTRY OF RAILWAYS
आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली
MODERN COACH FACTORY, RAEBARELI

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 17.09.2024

## आरेडिका महाप्रबंधक ने शपथ से की स्वच्छता अभियान 4.0 की शुरूआत

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली में प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी के स्वच्छता अभियान 4.0 के अन्तर्गत दिनांक 17.09.2024 को महाप्रबंधक प्रशान्त कुमार मिश्रा के नेतृत्व में स्वच्छ भारत मिशन को प्रभावी बनाने के लिए महाप्रबंधक सभागार में अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ मिलकर स्वच्छता शपथ ग्रहण की तथा प्रशासनिक भवन परिसर में एक पेड़ माँ के नाम मुहिम के तहत वृक्षारोपण किया। स्वच्छता अभियान यह प्रथम चरण 17.09.2024 से 02.10.2024 तक चलेगा।

आरेडिका द्वारा स्वच्छता के प्रति ज्यादा से ज्यादा लोगों को जागरुक करने के लिए सोशल मीडिया के प्लेटफॉर्म का उपयोग कर स्वच्छता के प्रति लागों को जागरुक करने के लिए प्रचार–प्रसार किया जा रहा।

स्वच्छता पखवाडा के अन्तर्गत सिविल विभाग द्वारा विभिन्न विभागों के सहयोग से आवासीय परिसर, कॉम्पलेक्स, केन्द्रीय विद्यालय, मिनी एडमिन, सभी वर्कशॉपों में आने वाले 15 नवम्बर तक स्वच्छता कार्यक्रम चलाए जाएगें। जिनमें साफ–सफाई और जन जागरूकता से संबंधित कार्य–क्रम ,नुक्कड़ नाटक इत्यादि आयोजित होगें।

इस अवसर पर आरेडिका के वरिष्ठ विभागाध्यक्ष एवं विभागाध्यक्ष तथा अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने अपने–अपने कार्य स्थल पर शपथ लेकर स्वच्छता अभियान की शुरूआत की।

## आरेडिका में विश्वकर्मा पूजा एवं भण्डारे का आयोजन।

आरेडिका में आज विश्वकर्मा पूजा का विधि–विधान के साथ आयोजन किया गया जिसमें आरेडिका महाप्रबंधक ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ विश्वकर्मा पूजा कर कारखाने की उन्नति, विकास एवं सुरक्षा की कामना की तथा अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने हवन में आहुतियां देकर प्रसाद ग्रहण किया।

17.9.2024

(आर.एन.तिवारी)
मुख्य जन–संपर्क अधिकारी